भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 4817

दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: थूथुक्कुडी मत्स्य पत्तन का आधुनिकीकरण

4817. श्रीमती कनिमोझीः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को तमिलनाडु राज्य सरकार से थूथुक्कुडी मत्स्य पत्तन में अवसंरचना के आधुनिकीकरण और उन्नयन हेतु कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) इस संबंध में स्थिति क्या है और कितनी निधि आबंटित की गई है तथा सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(श्री प्रताप चन्द्र सारंगी)

(क) से (घ) यह बताया गया है कि राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एन एफ डी बी) ने वर्ष 2012-13 के दौरान 100% वित्त पोषण के साथ 1205.56 लाख रुपये की कुल लागत से बनने वाले थूथुक्कुड़ी मत्स्यन पत्तन के आधुनिकीकरण एवं नवीकरण के लिए तमिलनाडु सरकार की परियोजना को मंजूरी प्रदान की थी तथा परियोजना लागत की कुल धनराशि 1205.56 लाख रुपये तमिलनाडु सरकार को जारी की थी । तमिलनाडु सरकार ने बताया कि थूथुक्कड़ी पत्तन का आधुनिकीकरण एवं उन्नयन का अवसंरचनात्मक कार्य सभी प्रकार से पूरा किया जा चुका है तथा पत्तन प्रयोग में लाया जा रहा है । इसके अतिरिक्त तमिलनाडु सरकार ने मई 2019 में थूथुक्कुड़ी मत्स्यन पत्तन पर अतिरिक्त बर्थिंग सुविधाओं के सृजन के लिए मात्स्यिकी एवं जलकृषि अवसंरचना विकास निधि (एफ आई डी एफ) के अतंर्गत 1800 लाख रुपये की अनुमानित राशि के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसे नोडल कार्यान्वयन एन्जेसी राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद को मूल्यांकन के लिए भेजा गया है ।

******